| 13 | 2024_ PWDRB_ 323324_1 | AR SR MOW WORK AT PALASIYA SECTION UNDER HQ SUB DIVISION NO. 1 INDORE | 12.00 | 24000.00 | 2000.00 | 120 Days Including rainy season |
| 14 | 2024_ PWDRB_ 323325_1 | WHITE WASHING COLOUR WASHING AND PAINTING WORK IN GANDHI HALL SECTION UNDER HQ SUB DIVISION NO. 1 INDORE | 12.00 | 24000.00 | 2000.00 | 120 Days Including rainy season |
| 15 | 2024_ PWDRB_ 323326_1 | AR SR MOW WORK RB UNDER BAXI BAG SECTION INDORE | 15.00 | 30000.00 | 2000.00 | 120 Days Including rainy season |
| | | GRAND TOTAL | 208.40 | | | |

**(1)** All details relating to the Bid Document(s) can be viewed and downloaded free of cost on the website **https://mptenders.gov.in** Bid Document can be purchased after making online payment of portal fees. **(2)** At the time of submission of the Bid the eligible bidder shall be required to: 1. pay the cost of Bid Document; 2. Deposit the Earnest Money; 3. Submit a check list 4. Submit an affidavit. Details can be seen in the Bid Data Sheet **(3)** The Bid Document can be purchased only **03-01-2024 10:00 to 09-01-2024 18:00** **(4)** Detailed Notice Inviting Tender and other particulars of tender can be seen on the above website. **(5)** Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper.

**G-22518** 'स्वास्थ्य, शिक्षा, समृद्धि, पोषण, आहार-स्वच्छता ही सबका आधार' **Executive Engineer PWD Division No. 1 Indore**

Printed and Published by **PRAVIN NAGAR**, for the Proprietors, Compac Printers Pvt. Ltd. at Free Press House, 3/54, Press Complex, A.B. Road, Indore-452 008. ■ Editor : **Arshit Gautam** Phones:- 2555111-2, FAX: 2558555. Email: editor.indore@fpj.co.in, Offices: Bhopal Bureau: F-134/2 Professor's Colony, Opp. Ravindra Bhawan, Bhopal, Phone : 0755-2660570/71/ 79 Fax: 0755-4271345 E-Mail news.freepress@gmail.com Ujjain:- 2550385. Ratlam:- 234567. Dewas:- 221373. Mumbai, Ph:- 69028000. Advt Dept.: 69028026. New Delhi, Ph:- 23718853. Calcutta Ph:- 22875645. Chennai - Ph:- 28217766. **RNI No. 38281/83**

## एक नजर

### सड़क हादसे में बेटे के सामने चली गई पिता की जान

**इंदौर।** तेजाजी नगर इलाके में हुए एक सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा घायल हो गया। पिता कोर्ट केस के सिलसिले में उज्जैन गए थे। बेटा उन्हें छोड़ने के लिए बड़वाह जा रहा था।

तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार मृतक का नाम टके सिंह पिता देव जी निवासी बड़वाह है। उज्जैन में जमीन संबंधित एक मामले में उनकी पेशी थी। वह तारीख पर गए थे। उनका बेटा माखन उज्जैन ही रहता है । 1 तारीख को रोड एक्सीडेंट कानून को लेकर हड़ताल चल रही थी इस वजह से पिता टके सिंह ने बेटे माखन को मोटरसाइकिल से ही घर छोड़ने को कहा। माखन उन्हें मोटरसाइकिल से घर छोड़ने जा रहा था। तेजाजी नगर इलाके में दूसरी मोटरसाइकिल से टक्कर हो गई। हादसे में पिता की मौत हो गई जबकि लडका माखन घायल हुआ है।

**बाइक से महाराष्ट्र जा रहे नारियल पानी वाले की मौत-** इधर मानपुर क्षेत्र में सड़क हादसे में भी एक युवक की जान चली गई। मृतक इंदौर में नारियल पानी का ठेला लगाता था। मानपुर पुलिस के अनुसार मृतक का नाम सचिन पिता चंद्रकांत निवासी वैशाली नगर अन्नपूर्णा है।वह मूल रूप से सिरपुर महाराष्ट्र का रहने वाला था। कुछ काम से महाराष्ट्र जा रहा था, वह अपनी मोटर साइकिल से ही निकला था। मानपुर घाट के नजदीक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी।

### भाई के साथ मिलकर पति को डंडों से पीटा

**इंदौर ।** हीरानगर पुलिस ने एक युवक की शिकायत पर उसकी पत्नी और उसके साले के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है । दरअसल आरोपी पत्नी पढ़ते समय बच्ची को डांट रही थी, इसी बात का विरोध पति ने किया था। दोनों के बीच कहा सुनी हो गई तो पत्नी ने अपने भाई को बुला लिया और डंडे से हमला कर दिया। हीरानगर थाने में फरियादी कौशलेंद्र पिता भैया लाल शर्मा निवासी सुखलिया की शिकायत पर उसकी पत्नी सरोज और साले पंकज मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी सरोज शर्मा उसकी बेटी कनक को पढ़ा रही थी, इसी बीच सरोज ने बेटी को पढ़ाई को लेकर डांट दिया बेटी रोने लगी तो फरियादी कौशलेन्द्र ने पत्नी को डांटा। इसी को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई । कहा सुनी हुई तो सरोज ने फोन लगा कर अपने भाई पंकज मिश्रा को बुला लिया। पंकज ने आते ही फरियादी कौशलेंद्र से विवाद शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों भाई-बहन ने मिलकर कौशलेंद्र को जमकर पीटा है।

### दहेज में मांगे सवा करोड़ रुपए और कार

#### महिला डॉक्टर ने पति और ससुराल वालों पर दर्ज कराया केस

**इंदौर।** महिला थाने में एक डॉक्टर ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज यातना का प्रकरण दर्ज करवाया ह। उनका आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में सवा करोड रुपए और कार की मांग कर रहे हैं।

महिला पुलिस के अनुसार डॉ. निधि ओझा निवासी ओल्ड पलासिया की शिकायत पर उनके पति हर्ष द्विवेदी, ससुर हरिशंकर द्विवेदी दोनों निवासी इंद्रप्रस्थ गार्डन सागर रोड छतरपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 4 साल पहले उनकी शादी हर्ष द्विवेदी से हुई थी। ससुराल वाले तभी से दहेज के लिए यातनाएं दे रहे हैं, उनसे कार और नगद सवा करोड रुपए की मांग की जा रही है।

# प्रभातफेरी में बजरंग दल कार्यकर्ता की हत्या

## पुलिस ने घटना के आठ घंटे बाद ही आरोपियों को पकड़ा



**इंदौर।** गुरुवार की सुबह रणजीत हनुमान मंदिर की प्रभातफेरी निकली, जिसमें बड़ी तादद में भक्त शामिल हुए। सालों से यह प्रभातफेरी निकल रही है कोई विवाद नहीं होता है और आज सुबह केवल टल्ला लगने की बात पर ऐसा विवाद बड़ा कि बजरंग दल कार्यकर्ता शुभम पिता नरेन्द्र रघुवंशी निवासी गोमा की फेल की हत्या कर दी गई। घटना से आक्रोशित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके घर ढहाए जाने की कार्रवाई की मांग को लेकर कमिश्नर कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। उधर, वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर दो थानों की पुलिस और क्राइम ब्रांच ने आरोपियों की तलाश करते हुए घटना के आठ घंटे बाद ही दो आरोपियों को धरदबोचा। एक आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

**गले पर किया चाकू से वार-** घटना सुबह करीब 7.30 बजे की है। प्रभात फेरी महू नाका से अन्नपूर्णा मंदिर की तरफ जा रही थी। महू नाका पर काफी भीड़ हो रही थी। धक्का-मुक्की में पैर लगने के बाद गोमा के रहने वाले शुभम पिता नरेंद्र रघुवंशी का कुछ युवकों से विवाद हो गया। शुभम के दोस्तों ने बताया कि एक युवक ने उसके गले पर चाकू से वार कर दिया। उसके गले से खून निकला तो सब घबरा गए। शुभम को उसके दोस्त जिला अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शव को एमवाय अस्पताल भेजा गया।

घटना के बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता पुलिस कमिश्नर कार्यालय के सामने धरने पर बैठे गए। आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त कर दिया। वे आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे।

**एक आरोपी से हुआ विवाद, फिर दो आए-** अन्नपूर्णा, द्वारकापुरी और चंदन नगर पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच भी लगातार आरोपियों की धरपकड़ में जुटी थी। शुभम रघुवंशी की हत्या में मुख्य आरोपी यश और युवराज को क्राइम ब्रांच ने दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी कपिल फरार है। सुबह सबसे पहले यश से ही शुभम का विवाद हुआ। इसमें यश के साथ शुभम ने मारपीट की। यश इसके बाद युवराज और कपिल को बुला लाया। दोनों ने शुभम को पकड़ा और यश ने उसके गले में चाकू मार दिया।

**परिवार में छोटा भाई-** शुभम मालवा मिल के पास बिरियानी की दुकान लगाता है। परिवार में एक छोटा भाई है। पिता भी शुभम के साथ काम में हाथ बंटाते हैं। दोस्तों के मुताबिक गुरुवार को बाबा की यात्रा में चलने की बात हुई थी, जिसके बाद वे अपने वाहनों से रणजीत हनुमान की यात्रा में शामिल होने आए थे। शुभम शुरू से आरएसएस से जुड़ा हुआ था। बाद में बजरंग दल और भारतीय जनता युवा मोर्चा में शामिल हो गया।

**युवा मोर्चा का सह कार्यालय मंत्री था शुभम-** इंदौर में विधानसभा चुनाव के पहले युवा मोर्चा में कई पद बांटे गए थे। जिसमें महानगर में वीर सावरकर मंडल क्षेत्र नंबर 5 से शुभम रघुवंशी को सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया था। उसका संघ की शाखा में भी आना-जाना था। बजरंग दल के कई कार्यक्रमों में वह शामिल होता था। इलाके में उसकी हिंदूवादी छवि थी।

**पहले कभी नहीं मिले आरोपी-** बताया जाता है कि शुभम का इसके पहले कभी आरोपियों से आमना-सामना नहीं हुआ है। धक्का-मुक्की की बात पर शुभम के दोस्त ने आरोपियों को अपशब्द कह दिए थे। इसके बाद विवाद बढ़ गया था। शुभम सोशल मीडिया पर भी एक्टिव रहता था। उसके फेसबुक और इंस्टाग्राम पर कई फॉलोअर थे। वह इंस्टाग्राम पर कई रील भी बनाता था।

# प्रापर्टी ब्रोकर के घर में घुसे बदमाश, वृद्धा का गला घोंटा

## घर की तलाशी लेकर भाग निकले

**इंदौर।** राजमहल कालोनी में गुरुवार सुबह डकैती की कोशिश हुई। हाथ में पिस्टल लेकर छह बदमाश प्रापर्टी ब्रोकर के घर में घुस गए। बदमाशों ने 68 वर्षीय वृद्धा का सलवार से गला घोंटा और पीठ पर चढ़कर बैठ गए। पुलिस को आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। संदेही कार के आधार पर तलाश जारी है।

जूनी इंदौर थाना पुलिस के मुताबिक, घटना सुबह करीब सात बजे की है। 70 वर्षीय गोविंदसिंह टूटेजा प्रतिदिन की घर से 25 फीट दूर स्थित बगीचे में टहलने गए थे। बेटा हरमीत उर्फ प्रिंस टूटेजा प्रथम मंजिल पर सो रहा था। पत्नी मनजीत कौर गुरुद्वारा जाने की तैयारी कर रही थी। तभी बदमाश दनदनाते हुए घर में घुस गए। मनजीत कुछ बोलती इसके पूर्व बदमाश ने चुप रहने की हिदायत दी। बदमाशों के हाथों में पिस्टलें भी थीं। उन्होंने हॉल में पड़ी सलवार से मनजीत का गला दबाया और पलंग पर उल्टे लेटाकर एक बदमाश को पीठ पर बैठा दिया। बदमाशों ने पलंग पेटी और वार्डरोब की तलाशी ली और फरार हो गए।

मनजीत ने पुलिस को बताया कि सरदार गोविंदसिंह टूटेजा प्रापर्टी खरीदने-बेचने का व्यवसाय करते हैं। उनके साथ श्वान भी टहलने जाता है। बदमाश जब घर की तलाशी ले रहे थे तो श्वान टूटेजा को छोड़कर घर में आ गया। बदमाशों ने जैसे ही उसे देखा एक साथी बोला भाग जाओ। पुलिस के मुताबिक, बदमाश टूटेजा को देखकर ही घर में घुसे थे। दो साथी बाहर रैकी कर रहे थे। एक कार दिखी है जो करीब आधा घंटे पहले आई थी। बाद में यह कार वाइन शॉप के पास चली गई। पुलिस के मुताबिक मामले में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### ब्रह्माकुमारी शिवानी संवाद कार्यक्रम में

**इंदौर।** सुप्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी शुक्रवार 05 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगी। कार्यक्रम ज्ञान शिखर सभागृह ओम शांति भवन, न्यू पलासिया में आयोजित किया गया है।

# शुक्ला की स्मृति में पत्रकारों का सम्मान एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता 9 को

**इंदौर।** वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय विद्याधर शुक्ला एवं प्रसिद्ध ज्योतिष स्वर्गीय ज्वालाप्रसाद शुक्ला की स्मृति में पत्रकारिता एवं ज्योतिष सम्मान समारोह का आयोजन 9 जनवरी 2024 को शाम 6.00 बजे अभिनव कला समाज सभागार में किया जा रहा है। समारोह में युवा पत्रकारों को एक लाख रुपयों से अधिक की सम्मान निधि भेंट की जाएगी। अपना इंदौर शीर्षक से फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया है।

समारोह के संयोजक नवनीत शुक्ला एवं शैलेन्द्र शुक्ला ने बताया कि स्वर्गीय शुक्ला की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित इस समारोह में 15 से अधिक नवोदित पत्रकारों को सम्मान निधि के साथ सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान वरिष्ठ पत्रकारों की स्मृति में दिया जाएगा। समारोह में शहर के 10 वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान भी किया जाएगा। स्वर्गीय लक्ष्मणसिंह गौड़ की स्मृति में अपना इंदौर विषय पर केंद्रित फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। प्रतिभागी 12 बाय 18 साइज के अधिकतम दो फोटो दे सकते हैं। प्रथम पुरस्कार 4000 रुपए, दो द्वितीय पुरस्कार 2000, तीन तृतीय पुरस्कार 1500 रुपए, 5 प्रोत्साहन पुरस्कार भी रहेंगे। प्रविष्ठि की अंतिम तारीख 7 जनवरी 2024 को शाम 5 बजे तक रहेगी। समारोह में स्टेट प्रेस क्लब, मध्यप्रदेश सहभागी है।

# आकाश नगर में फर्जीवाड़ा दर्जनों लोगों से करोड़ों रुपए लेकर बेच डाले फर्जी प्लॉट

**इंदौर।** द्वारकापुरी पुलिस में आकाश नगर बसाने वालों के खिलाफ धोखाधड़ी और जाली दस्तावेज बनाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोप है कि मुलजिमों ने खुद की जमीन बताकर बड़ा फर्जीवाड़ा किया है। द्वारका पुरी थाने में फरियादी मूंगा बाई, प्रकाश ,रेवाराम, मीरा सोलंकी, विष्णु भटनागर और कमल सहित अन्य की शिकायत पर आरोपी मोहम्मद शरीफ शाह निवासी बाबू किराना दुकान के पास चंदन नगर और उसके साथियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों ने ग्राम बांक के खसरा नंबर २३५/७ पर आकाश नगर बसाया है। उसे जमीन को खुद की बताकर लोगों को फर्जी दस्तावेज और भूखंड का नक्शा दिखाते हुए पैसे लेकर प्लॉट बेच दिए। बाद में पता लगा की जमीन उनकी नहीं है इसके बाद केस दर्ज हुआ है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा विकसित एल.आई.जी. कालोनी रामेश्वर रोड़ खण्डवा में स्थित भवन क्रमांक ए-26 एलआईजी मंडल द्वारा श्री मंगलसिंह भाटिया पिता श्री निरंजनसिंह भाटिया के नाम से आबंटित है। उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 17/03/1994 को पंजीकृत है तथा रिनिवल दिनांक 31/10/2036 तक पंजीकृत है। आवंटी की मृत्यु दिनांक 09/11/2023 को हो जाने से इनके पुत्र श्री अरविन्द्र सिंह भाटिया पिता स्व. श्री मंगल सिंह भाटिया द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ श्री मंगल सिंह भाटिया द्वारा मृत्यु पूर्व पंजीकृत वसीयतनामा क्रमांक एमपी219262022ए31310934 दिनांक 30/12/2022 निष्पादन की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन अपने नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है। श्री मंगलसिंह भाटिया की मृत्यु उपरांत उक्त भवन पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर इनके पुत्र श्री अरविन्द्र सिंह भाटिया पिता स्व. श्री मंगल सिंह भाटिया के नाम से नामातंरण करने में किसी भी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तिय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने को स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग खण्डवा

परिशिष्ट ट
प्रारूप ण
(नियम 22 (क) ( 6 ) देखिए )
धारा 30- क के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना
क्रमांक INDLP16112307568 दिनांक / 03 / JAN / 2024
क्र./1288/नग्रानि/ Indore दिनांक 03/JAN / 20242

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद द्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती / मेसर्स SHRI PRATHAM S/O SHRI PRAMOD TANDON (2) SMT. GEETA W/O SHRI PRAMOD TANDON जो नगर/ग्राम Pipalyarao के खसरा क्रमांक हेतु आदेश क्रमांक 3755 दिनांक 1994-06-03 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, SELF HOUSE प्रयोजन के भू-खण्ड क्रमांक 166, 167, 168 को स्वामी हैं, और श्री/श्रीमती/ मेसर्स (1) SHRI PRATHAM S/O SHRI PRAMOD TANDON (2) SMT. GEETA W/O SHRI PRAMOD TANDON (2) जो नगर Indore ग्राम Pipalyarao खसरा क्रमांक 166, 167, 168 में स्थित भूमि के हेतु आदेश क्रमांक 3755 दिनांक 1994-06- 03 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित RESIDENTIAL, SELF HOUSE प्रयोजन के भू-खण्ड अथवा नगर / ग्राम Pipalyarao खसरा क्रमांक 166, 167, 168 रकबा 0.042 भूमि जिसका भूमि उपयोग RESIDENTIAL, RESIDENTIAL, RESIDENTIAL है, के स्वामी है द्वारा उपरोक्त भू- खण्ड / भू-खण्ड एवं भूमियों के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है । कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलियन के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिन के भीतर, अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय अथवा https://dtcp.mp.gov.in/alpass/web/Objection.aspx?RefApp=Vjj0xDdRrf पर प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा मर्जर की जा रही भूमि / भूखण्ड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान अथवा website https://dtcp.mp.gov.in/alpass/Web/uLogin.aspx पर किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक,
नगर तथा ग्राम निवेश,
इन्दौर मध्यप्रदेश,

# हनुमान अष्टमी पर संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध्या, 56 भोग लगाए गए



**इंदौर।** मारुति हनुमान मंदिर नवरतन बाग में हनुमान अष्टमी के शुभ अवसर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रेवासी एवं महिला पुरुष उपस्थित रहे। पंडित अखिलेश दुबे द्वारा सुंदरकांड के साथ भजनों की भी प्रस्तुति दी गई । आयोजक दीपेंद्र सिंह सोलंकी बताया कि हनुमान अष्टमी का सनातन धर्म में बहुत ही महत्व है। 56 भोग प्रसादजी लगाकर महाआरती भी की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक गोलू शुक्ला का सफा मखाने की बड़ी माला एवं स्मृति चिन्ह देखकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से महाराज मंगल दास जी खाकी अखिल भारतीय छतरी महासभा के राष्टीय उपाध्यक्ष विजय सिंह परिहार, आनंद परिहार, जगदीश यादव, रिंकू पंडित,केतन भाटी, गोविन्द परिहार, तुलसिराम रघुवंशी, परसराम वर्मा, रघुवीर सिंह कुशवाहा एवं कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री लक्ष्मीनारायण पिता श्री तेतु, निवासी झ 905, कुलकर्णी का भट्टा, नंदामाली का बगीचा, शीलनाथ कैम्प, इंदौर (म.प्र.) के स्वामित्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम जामन्या खुर्द तहसील बिचौलीहप्सी, जिला इन्दौर (म0प्र0) स्थित सर्वे क्रमांक 27/2 (र) रकबा 0.4050 हेक्टेयर भूमि तहसील कार्यालय के राजस्व रिकार्ड में बतौर भूमि स्वामी नातें विक्रेतापक्ष के नाम से दर्ज है सदर सम्पूर्ण भूमि को निजी अधिकारों सहित उक्त विक्रेतापक्ष से सर्वभार मुक्त अवस्था मे क्रय करने का सौदा किया होकर इन्हें आशिंक धनराशि का भुगतान भी कर दिया है। एवं उक्त सम्पत्ति पर किसी भी बैंक, व्यक्ति, संस्था शासकीय, अर्द्धशासकीय, निकाय अथवा अन्य किसी भी प्रकार का गिरवी, डिक्री बिक्री दान अनुबंध आम मुखत्यार आदि स्वरूप का भार बोझ हो तो इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि में मय लिखित दस्तावेज के मय प्रमाण के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात कोई आपत्ति या उजर मान्य नहीं होगा, तथा सौदे की बकाया धनराशी का भुगतान करके मेरे पक्षकार के हित में उक्त संपत्ति का पंजीयन करा दिया जावेगा।

सुभाष पटेल एडव्होकेट
Office : Lawyers Chamber, No.21, District Court , 517, M.G. Road Indore.
Mobile No. 98270-14581, 98268-14800, 99933-99177

**Change in Name**

I SITARAM S/O CHHITARMAL Here by Declare That I have changed My name as SITARAM KUMAWAT S/O CHHITARMAL so, from now and In future I will be known by my new name.

SITARAM KUMAWAT
S/O CHHITARMAL
Add:12 VELOCOTY CINEMA KE SAMNE SANJOG PURI COLONY, INDORE(M.P.)452010

**Change in Name**

I SAJNA KUMAWAT D/O CHHOGARAM Here by Declare That after marriage I have changed My name as SANJANA KUMAWAT W/O SITARAM KUMAWAT so, from now and In future I will be known by my new name.

SANJANA KUMAWAT
W/O SITARAM KUMAWAT
Add:12, SANJOG PURI INDORE (M.P.)452001

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम प्रशांतसिंग राजपुत (prashant singh Rajpoot) है। जबकि मेरे ड्रायविंग लायसेंस में मेरा नाम प्रशांत राजपूत (prashant Rajpoot) है। उक्त दोनों नाम मेरे ही है। अतः आज दिनांक से मुझे मेरे नाम प्रशांतसिंग राजपुत (prashant singh Rajpoot) के नाम से जाना जावे।

प्रशांतसिंग राजपुत
एफ-16/4 के.ई.एच. कम्पाउंड
एमवाय हास्पिटल, इंदौर म.प्र.
मो. नं. 88789-56494

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम पूर्व मे कृति उपाध्याय (Kriti Upadhyay) था, जो अभिज्ञान दुबे से शादी के बाद परिवर्तित होकर अब कृति दुबे (Kriti Dubey) हो गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना जावे।

कृति दुबे
पता- 56, ग्रेटर वैशाली
(नियर गोपुर स्क्वेयर) इन्दौर- 452009

# जीजा को अगवा कर धमकाया

## साले और रिश्तेदारों पर अपहरण का केस दर्ज

**इंदौर ।** द्वारकापुरी पुलिस ने एक युवक के अपहरण के मामले में उसके साले और अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है ।आरोप है कि फरियादी की पत्नी का निकाह अन्य जगह पर करवा दिया गया है, मामले में फरियादी ने कोर्ट में केस लगाया है। इस केस को खत्म करने के लिए फरियादी का अपहरण किया गया था। द्वारकापुरी थाने में फरियादी मोहम्मद नईम कुरैशी पिता शफी कुरैशी निवासी आजाद नगर की शिकायत पर आरोपी रिजवान निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी और उसके चार साथियों के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है । फरियादी नईम ने पुलिस को बताया कि रिजवान की बहन से उसने ३ साल पहले शादी की थी। दोनों घर से भाग गए थे और निकाह कर लिया था। बाद में लड़की को पता लगा कि नईम पहले से विवाहित है तो वह लौट आई थी। इसके बाद परिवार वालों ने उसका निकाह दिलशाद नामक युवक से करवा दिया था। फरियादी नईम का कहना है कि इसका विधिवत तलाक नहीं हुआ, बावजूद इसके उसकी पत्नी का निकाह अन्य जगह उसके परिवार वालों ने करवा दिया इसी बात को लेकर उसने कोर्ट में प्राइवेट कंप्लेंट लगा रखी है। अब नईम का साला रिजवान और उसके साथी लगातार नईम को कोर्ट केस वापस लेने के लिए धमका रहे हैं।चार दिन पहले नईम सुदामा नगर में अपने गैरेज पर बैठा था, तभी आरोपी रिजवान और उसके चार साथी कार से वहां पहुंचे। उन्होंने जबरदस्ती रिजवान को अगवा किया और कार में बैठा कर ले गए। उसके साथ जमकर मारपीट की और कोर्ट केस वापस लेने के लिए धमकाया। इसके बाद उसे छोड़ दिया। रिजवान लगातार मामले की शिकायत के लिए द्वारकापुरी थाने जा रहा था। जब सुनवाई नहीं हुई तो पुलिस कमिश्नर के पास पहुंचा इसके बाद कल मामले में केस दर्ज हुआ है।

**कार्यालय नगर परिषद मूंदी जिला पूर्व निमाड़ खंडवा म.प्र.**

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद मूंदी जिला खंडवा में भवन/भूमियों का म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के अंतर्गत हक अंतरण किये जाने हेतु आवेदकों के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। जो नीचे तालिका अनुसार है।

| क. | हकअंतरण कराने वाले आवेदक का नाम | निकाय रिकार्ड में दर्ज भवन/भूमि स्वामि का नाम | भवन/भूमि की स्थिति का पता | आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रानू बाई पति उमाशंकर जी पंवार | श्री अनोखीलाल पिता गंगाराम जी गुर्जर | भूमि वार्ड कमांक 01 | पंजीकृत विकय पत्र |
| 2 | श्री दिनेश चौधरी पिता देवाजी चौधरी | श्री अनोखीलाल पिता गंगाराम जी गुर्जर | भूमि वार्ड कमांक 01 | पंजीकृत विकय पत्र |
| 3 | श्री राजेन्द्र पंवार पिता प्रेमसिहं जी पंवार | श्री अनोखीलाल पिता गंगाराम जी गुर्जर | भूमि वार्ड कमांक 01 | पंजीकृत विकय पत्र |
| 4 | श्री मोहन सिहं पिता नांगीलाल जी | श्री अनोखीलाल पिता गंगाराम जी गुर्जर | भूमि वार्ड कमांक 03 | पंजीकृत विकय पत्र |
| 5 | श्रीमती रेणुका वर्मा पति योगेश जी वर्मा | श्री अनोखीलाल पिता गंगाराम जी गुर्जर | भूमि वार्ड कमांक 03 | पंजीकृत विकय पत्र |
| 6 | श्रीमती प्रिती पंवार पति प्रेमलाल जी पंवार | श्री अनोखीलाल पिता गंगाराम जी गुर्जर | भूमि वार्ड कमांक 03 | पंजीकृत विकय पत्र |

अतः उक्त प्राप्त आवेदनों में हक अंतरण किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे आपत्ति इस्तिहार जारी दिनांक से 07 दिवस में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति मय साक्ष्य के कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मूंदी, खंडवा

**AVAILABLE FINANCE LIMITED**
CIN: L67120MP1993PLC007481
**Regd. Off:** Agarwal House, 5 Yeshwant Colony, Indore MP 452003
**Email Id:** cs@availablefinance.com

**NOTICE** is hereby given that the following Share Certificates have been reported as lost/misplaced and not traceable by the Registered Shareholder thereof & have applied to the Company for issuance of duplicate Share Certificates:

| S. N. | Name of the Shareholder | Ledger Folio No. | No. of Equity Share of Rs. 10/- each | Certificate No. | | Distinctive Number | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | From | To | From | To |
| 1. | Rampratap Tayal (Deceased Holder) Pravin Kumar Tayal (Legal Heir) | 1432 | 61600 | 85369 | 85984 | 8536801 | 8598400 |
| | | | 39100 | 85990 | 86380 | 8598901 | 8638000 |
| | | | 100 | 86382 | 86382 | 8638101 | 8638200 |
| | | | 1000 | 86599 | 86608 | 8659801 | 8660800 |
| | | | 29300 | 86656 | 86948 | 8665501 | 8694800 |
| | | | 300 | 87093 | 87095 | 8709201 | 8709500 |
| | | | 600 | 87113 | 87118 | 8711201 | 8711800 |
| | | | 14400 | 87122 | 87265 | 8712101 | 8726500 |
| | | | 9400 | 87335 | 87428 | 8733401 | 8742800 |
| | | | 400 | 87439 | 87442 | 8743801 | 8744200 |
| | | | 300 | 87444 | 87446 | 8744301 | 8744600 |
| | | | 100 | 87448 | 87448 | 8744701 | 8744800 |
| | | | 26100 | 87561 | 87821 | 8756001 | 8782100 |
| 2. | Vandana Tayal | 1433 | 2048 | 87822 | 89869 | 8782101 | 8986900 |
| | | | 630 | 89923 | 90552 | 8992201 | 9055200 |
| | | | 765 | 90580 | 91344 | 9057901 | 9134400 |
| | | | 16 | 91570 | 91585 | 9156901 | 9158500 |
| | | | 14 | 91749 | 91762 | 9174801 | 9176200 |
| | | | 111 | 91765 | 91875 | 9176401 | 9187500 |
| | | | 55 | 92091 | 92145 | 9209001 | 9214500 |
| | | | 265 | 92236 | 92500 | 9223501 | 9250000 |
| | | | 241 | 92701 | 92941 | 9270001 | 9294100 |
| | | | 705 | 93457 | 94161 | 9345601 | 9416100 |
| | | | 556 | 94719 | 95274 | 9471801 | 9527400 |
| | Total | | | | | | |

The Company has notified BSE regarding loss of aforesaid Share Certificates. Any person who has claim in respect of these Shares may inform the Company and/or its Registrar and Share Transfer Agent M/s Ankit Consultancy Pvt. Ltd. at 60, Electronic Complex, Pardeshipura, Indore (M.P.) by Registered Post and/or by an email on compliance@ankitonline.comor investor@ankitonline.com and may contact to Mr. Rakesh Sahu (Whole-Time Director & CFO) on cs@availablenance.com within 15 (Fifteen) days from the date of publication of this notice.

In case, where no objection is received within the said 15 (Fifteen) days, the Company/Share Transfer Agent will proceed to issue duplicate Share Certificates.

For **AVAILABLE FINANCE LIMITED**
Sd/- **(RAKESH SAHU)**
**WHOLE-TIME DIRECTOR & CFO**
**DIN : 08433972**

Date: 04.01.2024
Place: Indore